# एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी फ्रेमवर्क

**The NDIS Workforce Capability Framework**

**Hindi | हिन्दी**

एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क (फ्रेमवर्क) एनडीआईएस के तहत वित्त पोषित सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान का वर्णन करता है। यह व्यवहार के स्पष्ट, व्यावहारिक उदाहरण प्रदान करता है जो कार्यकर्ता की क्षमता को दर्शाता है और 'अच्छी स्थिति कैसी दिखाई देती है' की एक साझा भाषा स्थापित करता है। फ्रेमवर्क इस क्षेत्र में कार्यबल नियोजन और प्रबंधन, भर्ती और करियर में प्रदाताओं, श्रमिकों और प्रतिभागियों की सहायता के लिए टूल्स (उपकरणों) और गाइड्स (संदर्शिकाओं) द्वारा समर्थित है।

## क्या उम्मीद करें

फ्रेमवर्क आपको एनडीआईएस प्रतिभागियों का समर्थन करने के लिए सभी स्तरों पर श्रमिकों के पास होने वाले कौशल और ज्ञान के बारे में चरण-दर-चरण बताता है।

आप उस काम के स्तर को चुनते हैं जिसके बारे में आप जानना चाहते/ती हैं और कोई विशेषज्ञ या विशिष्ट समर्थन, उदाहरण के लिए संस्कृति के प्रति उत्तरदायी होना, भोजन प्रबंधन को लागू करना या समर्थन का समन्वय करना। मुख्य क्षमताओं को देखने के लिए तीन व्यापक प्रकार की कार्यकर्ता क्षमताओं (सामान्य, उन्नत, सहायक), या वरिष्ठ नेता या फ्रंटलाइन प्रबंधकीय-वर्ग से चुनें। आपको प्रत्येक क्षमता के लिए एक ड्रॉप-डाउन सूची में व्यवहार संकेतक और संयुक्त क्षमताओं के लिए आवश्यक ज्ञान मिलेगा।

### *नमूना क्षमता - मेरे अधिकारों को बनाए रखना*

व्यवहार संकेतकों के उदाहरण:

- मेरे निजी स्थान में प्रवेश करने या मुझे छूने से पहले मेरी अनुमति मांगें। मेरी प्रतिक्रिया का सम्मान करें और याद रखें कि जब आप मेरे घर या मेरे सामुदायिक स्थान पर उपस्थित होते/ती हैं, तो आप एक अतिथि हैं।
- मेरे निजता के अधिकार का सम्मान करें। मेरे बारे में जानकारी एकत्र करने, उपयोग करने या प्रकट करने से पहले मेरी अनुमति मांगें।

## व्यवहार में फ्रेमवर्क (रूपरेखा):

**प्रतिभागी:** विनय अपनी कार्यकर्ता एमी से खुश हैं और उन्हें लगता है कि वे अच्छी तरह से संवाद करते हैं, हालांकि, उन्हें लगता है कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां उनकी गोपनीयता का सम्मान नहीं किया जा रहा है। वह समझना चाहता है कि वह एमी को यह प्रतिक्रिया कैसे प्रदान कर सकता है और कुछ ऐसी भाषा जो उपयोग करने के लिए सबसे अच्छी हो सकती है। विनय **वर्कफोर्स कैपेबिलिटी फ्रेमवर्क** का उपयोग उन क्षमताओं को देखने के लिए करता है जिसका प्रदर्शन उसके कर्मचारी को करना चाहिए। वह 'हमारे रिश्ते' के उद्देश्य और 'मेरे अधिकारों को बनाए रखने' की क्षमता का पता लगाता है और 'मेरे व्यक्तिगत स्थान में प्रवेश करने या मुझे छूने से पहले मेरी अनुमति मांगें; मेरी प्रतिक्रिया का सम्मान करें और याद रखें कि जब आप मेरे घर या मेरे सामुदायिक स्थान पर उपस्थित होते/ती हैं तो आप एक अतिथि हैं' दस्तावेज़ पढ़ता है।

विनय अपने प्रदाता से बात करने और फ्रेमवर्क को साझा करने का फैसला करता है ताकि यह उजागर किया जा सके कि वह चाहता है कि एमी या कोई अन्य कार्यकर्ता उसके कमरे या बाथरूम में प्रवेश करने से पहले उसकी अनुमति ले। विनय का कहना है कि वह वास्तव में एमी के साथ संवाद करने के तरीके को पसंद करता है और वह अन्य सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा काम कर रही है, वह बस चाहता है कि एमी यह याद रखे कि उसकी गोपनीयता महत्वपूर्ण है।

**प्रदाता:** Local Supports Inc. अपने श्रमिकों की क्षमताओं को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक है कि उनके श्रमिक समझते हैं कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है। वे विभिन्न प्रकार के काम के लिए क्षमताओं के बारे में कर्मचारियों के साथ बात करते हैं जैसे कि: सामान्य समर्थन, उन्नत समर्थन, सहायक, पर्यवेक्षण और फ्रंटलाइन प्रबंधकीय-वर्ग, वरिष्ठ प्रबंधकीय-वर्ग और नेतृत्व। वे प्रत्येक समूह के साथ बात करते हैं कि क्षमताएं उनके काम पर कैसे लागू होती हैं और कुछ अतिरिक्त क्षमताओं के महत्व पर जोर देते हैं, जैसे कि एक ऐसे क्षेत्र के रूप में सांस्कृतिक पहचान के प्रति उत्तरदायी होना जिसमें वे सुधार करने के लिए उत्सुक हैं। पर्यवेक्षक जिन श्रमिकों की सहायता करते हैं, उनके साथ अपनी भूमिका के बारे में बात करते समय और इसे हासिल करने में अपने लिए आवश्यक समर्थन की चर्चा करते समय अपनी सहायता के लिए क्षमताओं का उपयोग करते हैं।

Local Supports उनके द्वारा भर्ती किए गए श्रमिकों और संगठन के मूल्यों एवं लक्ष्यों के बीच संरेखण में सुधार करने के लिए **पोज़ीशन डिस्क्रिपशन टूल**, **भर्ती और चयन संसाधन और क्षमता के लिए पर्यवेक्षण** का उपयोग भी कर रहे हैं। यह उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्थन की गुणवत्ता और स्थिरता में सुधार कर रहा है और कार्यबल टर्नओवर (कार्यबल का नियोक्ता को छोड़ कर जाने की घटनाओं) को कम कर रहा है।

## मुख्य जानकारी

फ्रेमवर्क:

- NDIS प्रतिभागी के दृष्टिकोण से लिखा गया है।
- एनडीआईएस आचार संहिता और अभ्यास मानकों का सभी स्तरों पर श्रमिकों के लिए अवलोकन योग्य व्यवहारों और क्षमताओं में अनुवाद करता है।
- कार्यकर्ता और प्रतिभागी संबंधों और परस्पर बातचीत पर सुदृढ़ रूप से ध्यान देने के साथ सभी श्रमिकों से अपेक्षित दृष्टिकोणों, कौशल और ज्ञान (क्षमताओं) का वर्णन करता है।
- सकारात्मक संस्कृति परिवर्तन को लाने के लिए एनडीआईएस के अधिकार-आधारित मूल्यों को बनाए रखते समय 'अच्छी स्थिति कैसी दिखाई देती है' का वर्णन करता है।
- प्रतिभागियों को एनडीआईएस-वित्त पोषित सेवाएं और समर्थन प्रदान करने वाले सभी श्रमिकों के लिए प्रासंगिक है:
  - दिन-प्रतिदिन के व्यक्तिगत सहायता कार्य (जैसे दैनिक कार्यों या व्यक्तिगत देखभाल के साथ सहायता),
  - विशेषज्ञ समर्थन, क्षमता निर्माण समर्थन (जैसे स्वास्थ्य और चिकित्सीय समर्थन),
  - मार्गदर्शक और प्रबंधक, तथा
  - सहायक सेवाएं (जैसे रखरखाव, साफ-सफाई या रिसेप्शन)।
- हर किसी ऐसे व्यक्ति के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसे एनडीआईएस कार्यबल को समझने, निर्देशित करने या इसमें भाग लेने की आवश्यकता है।

## फ्रेमवर्क को ऐक्सेस करना और उसका उपयोग करना

फ्रेमवर्क ऑनलाइन और डाउनलोड करने योग्य PDF के रूप में उपलब्ध है। फ्रेमवर्क | एनडीआईएस वर्कफोर्स कैपेबिल्टी (ndiscommission.gov.au)

फ्रेमवर्क या इसके कार्यान्वयन के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट: https://workforcecapability.ndiscommission.gov.au/ पर जाएँ।

**संपर्क:** workforcecapability@ndiscommission.gov.au या 1800 035 554.